# सीएम भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर 1450 लोगों ने रक्तदान किया

सरकार की वर्षगांठ एवं मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

**भरतपुर,** (निसं)। राज्य सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुये रक्तदान किया।

जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने यूआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदान करने वालों की हौसला अफजाई की, साथ ही अन्य लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे आप किसी जरूरतमंद की सहायता कर उनकी जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ युवा को तीन से चार महीनों में रक्तदान करते रहना चाहिए, इससे किसी जरूरतमंद को तो सहायता मिलती है, साथ ही रक्तदान करने वाला भी स्वस्थ रहता है व विभिन्न बीमारियां दूर रहती है। युवाओं को भ्रान्तियों से दूर रहते हुये समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। आईएएस ऋषभ मण्डल, आईएएस राहुल श्रीवास्तव ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

भरतपुर में 938 एवं डीग में 512 यूनिट रक्तदान :-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि भरतपुर एवं डीग जिले में 12 जगह स्वेच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 1450 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। उन्होंने बताया कि यूआईटी ऑडिटोरियम शिविर में 246, नगर निगम में 131, सीएचसी बयाना 251, एसडीएच नदबई 56, सीएचसी रूपवास 91, सीएचसी भुसावर 81, एसडीएच वैर 41, सीएचसी उच्चौन 41, सीएचसी कामां 60, एसडीएच नगर 241, सीएचसी पूंछरी 170 एवं ग्राम पंचायत अटारी के अटल सेवा केन्द्र में 35 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ।

नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम में लगाये गये कैम्प में शहरवासियों व युवाओं ने रक्तदान की महता समझते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। पीएमओ नगेन्द्र भदौरिया ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वालों को बिस्किट पैकिट, फ्रूटी एवं दूध का वितरण किया गया। साथ ही उनके आराम करने के लिए बिस्तर आदि की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रमाण पत्र प्रदान किए साथ ही रक्तदाताओं ने शिविर में सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाये। शिविर के दौरान आरएसी, एनसीसी, स्काउट, भजन फाउण्डेशन, जिला क्रिकेट संघ, हरिदत्त डिग्री कॉलेज विद्यार्थी, अल्प संख्यक समाज के महिला-पुरूष सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं स्वतंत्र रूप से नागरिकों ने रक्तदान किया। ,

शिविर में शैलेश कौशिक, बृजेश अग्रवाल, जगत गुर्जर, लखन पहलवान, वीरेन्द्र पचौरी, दीपू पंडित, गिरधारी गुप्ता, चन्द्रवीर जघीना, विरेन्द्र गुर्जर, आकाश, अभयवीर सोलंकी, सत्येन्द्र गोयल ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यूआईटी सचिव ऋषभ मण्डल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ट्रेलर में पीछे से दूसरा ट्रेलर टकराया, चालक की मौत

## दोनों ट्रेलर के टकराने पर हाइवे पुलिस और परिवहन टीम में भगदड़ मच गई

**नदबई,** (निसं)। हलैना-जयपुर नेशनल हाइवे स्थित नदबई उपखण्ड क्षेत्र के गांव हंतरा-डहरा मोड़ के मध्य एक होटल के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे हाइवे पुलिस और परिवहन टीम की लापरवाही के कारण जयपुर से भरतपुर की ओर जा रहे एक ट्रेलर में पीछे से दूसरा ट्रेलर टकरा गया।

- गांव हंतरा-डहरा मोड़ के मध्य वाहनों की चैकिंग कर रही थी हाइवे पुलिस व परिवहन टीम

हादसे में पिछले ट्रेलर के चालक की मौत हो गई। दोनों ट्रेलर के टकराने पर हाइवे पुलिस और परिवहन टीम में भगदड़ मच गई, जो हादसे में मृतक चालक और क्षतिग्रस्त वाहनों को नजर अंदाज कर हाइवे को एक तरफा अवरूद्ध होने के बाद भी हादसा स्थल से भाग निकले। सूचना पर डहरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार मय जाप्ता के आए और ट्रेलर में फंसे चालक के शव को निकाला तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटवाकर यातायात चालू कराया। वाहन चालक व राहगीरों ने नेशनल हाइवे पर यात्री, चालक व वाहनों की सुरक्षा के नाम पर सुविधा शुल्क वसूलने और हादसे स्थल से मदद न कर भाग जाने पर हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम के प्रति नाराजी प्रकट की।

डहरा मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे-21 स्थित लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव हंतरा-डहरा मोड़ के मध्य अंजली होटल के निकट दो ट्रेलर के टकराने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद मय जाप्ता के घटना स्थल पहुंचे, जहां पिछले ट्रेलर में उसका चालक फंसा हुआ था और ट्रेलर की केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। ट्रेलर से चालक के शव को निकाला गया और उसे कस्बा नदबई के उप जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की सायं छह बजे तक शिनाख्त नहीं हुई। उसके ट्रेलर पर अजमेर जिले के नम्बर इन्द्राज है। इससे पता चलता है कि मृतक अजमेर जिले का निवासी हो सकता है। मृतक चालक के ट्रेलर में सोयाबीन भरी हुई थी। आगे चल रहे ट्रेलर का चालक भी भाग गया, लेकिन उसका ट्रेलर भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के हादसे स्थल पर पहुंचने पर वहां पर मौजूद लोगों के बताया कि ये हादसा हाइवे पुलिस या परिवहन टीम के कारण हुआ है, जो वाहनों की चौकिंग कर रहे थे। आगे वाला ट्रेलर उन्होंने रोका तो पिछले वाला ट्रेलर उससे टकरा गया। उन्होंने बताया कि ये हम नहीं कह सकते कि हादस कैसे हुआ, जो जांच का विषय है।

**धमाके की आवाज सुन भाग निकले :-** जयपुर नेशनल हाइवे पर गांव हंतरा और डहरा मोड़ के मध्य हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम वाहनों की चौंकिग कर रहे थे। जिससे फोरलेन पर वाहनों की कतार लग जाती है। कई वाहन चालक व यात्रियों ने इसका विरोध भी जताया, लेकिन उनका कहना था कि आज मुख्यमंत्री का डीग-भरतपुर जिले के पूंछरी का लोठा आगमन है। इस लिए वाहनों की चैकिंग जारी है। इस दौरान जैसे ही दो ट्रेलर टकराए और उनके टकराने से हुई आवाज को सुनकर हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम के होश उड़ गए और भाग निकले, जो क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पोष पूर्णिमा पर डिग्गी में उमड़ा आस्था का सैलाब

डिग्गी में दर्शनों के लिए पहुंचे कल्याण भक्तों की मंदिर के बाहर लगी लंबी कतारें।

- दो घंटे तक कतारों में लगकर करीब 50 हजार भक्तों ने कल्याण धणी के दर्शन किये

**मालपुरा,** (निसं)। रविवार को पोष पूर्णिमा पर कल्याणजी के दर्शनों के लिए डिग्गी में आस्था का सैलाब उमड़ा। प्रात: काल मंगला आरती के समय से ही कल्याण भक्तों का डिग्गी पहुंचने का क्रम शुरू हुआ जो की धीरे-धीरे परवान चढ़ता गया। प्रदेशभर से डिग्गी पहुंचे करीब 50 हजार से अधिक कल्याण भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर दो घंटे के इंतजार के बाद मंदिर पहुंच कल्याण जी महाराज की मनमोहक झांकी के दर्शन कर अपनी हाजिरी लगाई।

सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। भारी भीड़ में शामिल शरारती तत्वों एवं जेब कतरों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की गई। कोडी भवन से मंदिर तक लंबी कतारों में लगे कल्याण भक्त जय श्री कल्याण के जयकारे लगाते मंदिर की ओर बढ़ते रहे। लंबी कतारों में लग दो घंटे के लंबे इंतजार के बाद भक्तों को कल्याण जी महाराज के दर्शनों का सौभाग्य मिला। पुजारी परिवार की ओर से भी इस बार दर्शनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई तो वहीं मनमोहक झांकी सजाई गई।

पूर्णिमा पर कल्याणजी महाराज के दर्शनों का विशेष महत्व होने के चलते रविवार को प्रदेश पर से बड़ी संख्या में कल्याण भक्त डिग्गी पहुंचे। कल्याण धणी के जयकारों से धर्म नगरी डिग्गी गूंज उठी। यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा हालांकि मंदिर में दर्शनों के पश्चात कल्याण भक्तों की निकासी के लिए बनाए गए मार्ग में रैंप पर इस बार मंदिर ट्रस्ट की ओर से ग्रीन मेटिंग की बिछायत नहीं करने से कई कल्याण भक्त परेशान रहे। मंदिर में लाखों की संख्या में चढ़ावा राशि आने के बावजूद मंदिर ट्रस्ट द्वारा कल्याण भक्तों की सुविधा के लिए बरती जा रही कोताही को लेकर कल्याण भक्तों में खासी नाराजगी देखी गई।

हजारों की संख्या में कल्याण भक्तों ने राज्य सरकार से तीर्थ स्थल डिग्गी को पर्यटन का रूप देने के लिए तथा कल्याण भक्तों की सुविधा के लिए धोली दरवाजे से मंदिर तक बाजार चौड़ा करवाने तथा महिला एवं पुरुष भक्तों की अलग-अलग दर्शनों की व्यवस्था के लिए रेलिंग लगवाने के साथ-साथ कनक दंडवत करने वाले भक्तों के लिए अलग से मार्ग बनाने की मांग की है।

# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

## जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रगति को देखा

राज्यपाल ने अटल भूजल योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

**राजसमंद,** (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ विधायक दीप्ति माहेश्वरी और जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट मौजूद रहे।

राज्यपाल की बैठक में जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने सर्वप्रथम उनका स्वागत कर जिले का सामान्य परिचय प्रस्तुत किया। जल जीवन मिशन की समीक्षा करत हुए राज्यपाल ने अब तक हुई प्रगति को देखा। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में 65 हजार 942 परिवारों को इस योजना में लाभान्वित किया जा चुका है जो लक्ष्य का 64.75 प्रतिशत है। इस पर राज्यपाल ने शेष कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वृहद पेयजल योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इसके बाद राज्यपाल ने केन्द्रीय सड़क निधि योजना के तहत जारी निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों की समीक्षा कर शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना में जिले के विभिन्न इलाकों में जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत/ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की। सहकारिता के उप रजिस्ट्रार ने बताया कि जिले में 1 लाख 97 हजार 88० किसानों को अब तक 422.64 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है। इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्न भंडारण योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आदि को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने राज्यपाल को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर को लेकर जानकारी दी। बैठक का शुभारंभ एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने जनजाति बालिका छात्रावास पलेवा मगरी का निरीक्षण किया। यहाँ राज्यपाल ने विभिन्न कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। बालिकाओं से संवाद करते हुए राज्यपाल ने विभिन्न विषयों पर बात की। राज्यपाल को अपने बीच पाकर छात्राएं भी उत्साहित दिखी। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की समस्त सामान्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

- राज्यपाल ने शेष कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए

वहीं राज्यपाल बागडे ने नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी के सांयकालीन भोग आरती के दर्शन किए। मंदिर मण्डल अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने समाधान पद्धति से राज्यपाल का स्वागत किया। वहीं राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने रविवार को पीपलांत्री में पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल एवं सरपंच अनिता पालीवाल के नेतृत्व में किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यपाल ने यहां अटल भूजल योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। साथ ही बेटी, पानी, पेड, गोंछ भूमि और वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करते हुए ग्रामीण पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के समस्त प्रयासों को सराहा।

## नौकरानी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गुल्लक से नकदी चोरी करने के मामले में मकान में काम करने वाली नौकरानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 13 दिसंबर चिराग चौधरी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि मेरे घर में एक मिट्टी का गुल्लक रखा हुआ था। उसमें प्रतिदिन में अपने दुकान से कलेक्शन से पैसे बचाकर दो हजार रूपये प्रतिदिन गुल्लक मे डालता था। सांय दुकान से घर लौट कर कमरे में आया तो गुल्लक एवं मेरा पर्स नहीं था। गुल्लक में करीब सात लाख रूपये अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर कामल सालवी पत्नी नरेन्द्र सालवी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए गए सात लाख रूपये बरामद किये।

## प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। मंडावरा कैलाश नगर गांव की सीमा पर प्रस्तावित हुए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए रविवार को प्रदर्शन किया। इसी के साथ लपावली मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। जाम की सूचना पर नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव जाब्ते के साथ मौक़े पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को लेकर तहसीलदार से बात कराई। प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने जाम हटाया।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन के खिलाफ भी नाराजगी जताई। कैलाश नगर में एसटीपी प्लांट की योजना प्रस्तावित है। प्लांट संचालन होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। ग्रामीण ओमवीर सिंह ने बताया कि एसटीपी प्लांट को अन्यत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में शहर से काफी लोग मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचते हैं। एसटीपी प्लांट बनने के बाद क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होगा, जिसे लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने एसडीएम के नाम एक ज्ञापन नई मंडी थाना प्रभारी को दिया। ग्रामीणों की तहसीलदार से हुई वार्ता के बाद ग्रामीण सहमत हुए।

## सीएम के जन्मदिन पर 200 यूनिट रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। भाजपा सरकार के एक साल पूर्ण होने और मुख्यमंत्री भजनलाल के जन्मदिन के अवसर पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा रहे। रक्तदान शिविर में शाम 3 बजे तक कुल 200 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया और कहा कि कई छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया और इस अनुभव को लेकर उत्साहित नजर आ रहे है।

# सर्वजातिय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**भरतपुर,** (निसं)। श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा तेरहवां सर्वजातिय ग्यारह बेटियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें भरतपुर के अलावा राजस्थान व उत्तरप्रदेश से भी जोड़े तैयार होकर आए। सर्वप्रथम लक्ष्मण मंदिर से सामूहिक बारात बैण्ड बाजों के साथ निकाली गई। इसके पश्चात् वर माला का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथिगणों का समिति के संस्थापक अध्यक्ष जयप्रकाश गोयनका ने स्वागत किया व समिति द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रमों के बारे में प्रकाश डाला तथा सभी अतिथियों का माला, पटका व भगवान रामलला की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। उसके पश्चात फेरों का कार्यक्रम हुआ तथा कार्यक्रम के अन्त में सभी वर-वधुओं को समिति के सभी सदस्यों व महिला मण्डल ने पैर छूकर व भाव विभोर होकर विदा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अतिथि व दानदाता कृष्ण कुमार अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, योगेश बागपतिया, योगेश अग्रवाल, नृपेश अग्रवाल, अलका बंसल, भगवान दास अग्रवाल आगरा, सुनील मित्तल, देवेन्द्र चामड़, नीरज गोयल, के.के. सिंघल सी.ए, विशाल तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. मनोज सिंह, अनिल लोहिया, सतीश मित्तल, संजीव गुप्ता, डॉ. के.एम. बंसल, योगेश जैन, अंजना जैन आदि उपस्थित थे, जिन्होंने सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अन्त में समिति अध्यक्ष श्यामा गोयनका ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता हरिगोविन्द मिश्रा ने किया।

## स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस एवं डीएसटी टीम ने दो युवकों को स्मैक सहित गिरफ्तार किया।

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में नशे के विरोध अभियान के तहत थाना कोतवाली क्षैत्र में थाना पुलिस एवं डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई में दो युवकों को स्मैक सहित गिरफ्तार किया। साथ ही प्रयोग में ली गई मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है।

कोतवाली थाना अधिकारी भवरलाल वैष्णव ने बताया कि नशे के खिलाफ कार्रवाई में थाना पुलिस एवं डीएसटी ने बीते दिन कोतवाली थाना क्षैत्र के बस स्टेण्ड रोड कृषि मण्डी के पास से दो आरोपियों को नौ ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। कार्रवाई में आरोपी अजीम पुत्र मोहम्मद अतीक निवासी अरब साहब का बाग रजबन एवं मोहम्मद जफर पुत्र नाहिद निवासी बछेरों का घेर काली पलटन टोक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी हैं।

# उदयपुर में बिकने आई पश्मीना की ढाई लाख रूपए की शॉल

## शॉल की विशेषता यह है कि इस पर राजा के दरबार का चित्रण किया गया है

उदयपुर में इन दिनों पश्मीना शॉल चर्चा का विषय बनी हुई है।

- यह शॉल ढाई गज की बनी हुई है, इसे अर्ब्दुरशीद जो 55 साल है, उन्होंने अपने बेटे की मदद से बनाई है
- पश्मीना कश्मीर में पाई जाने वाली एक विशेष बकरी से प्राप्त होता है, जिसका धागा इंसानी बाल से छह गुना पतला होता है
- इसे बनाने के दौरान इस पर बहुत बारीक काम होने से कई बार आंखों की रोशनी भी कम हो जाती है

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के टाउनहॉल में इन दिनों पश्मीना की ढाई लाख रूपए की शॉल चर्चा का विषय बनी हुई है। इस शॉल को तैयार करने में 10 से 12 माह का समय लगा। शॉल की विशेषता यह है कि इस पर राजा के दरबार का चित्रण किया गया है।

कश्मीर से आए दानिश व आमिर ने बताया कि अमूमन पश्मीना की शॉल 15 हजार से 50 हजार रूपए कीमत की रहती है लेकिन यह शॉल जो एंटीक शॉल के रूप में बनाई जाती है जिस पर बड़ी बारीकी से काम किया जाता है। आमिर ने बताया कि शॉल पर पहले कलमकारी से चित्रण का काम किया जाता है। आज के युवा इस बारीकी से इस काम को नहीं कर सकते हैं ऐसे में यह शॉल बुजुर्ग व तजुर्बा रखने वाले लोग ही बना सकते हैं। उनके पास मौजूद इस शॉल की कीमत ढाई लाख रूपए है जिस पर राजा का दरबार की पूरी कहानी को दर्शाया गया है, जिसमें राजा, दरबार, दरबारी, महल में मौजूद कई प्रकार के जानवरों को चित्र के माध्यम से बताया गया है। अमूमन शॉल दो गज की होती है लेकिन यह शॉल ढाई गज की बनी हुई है। इसे अर्ब्दुरशीद जो 55 साल हैं उन्होंने अपने बेटे की मदद से बनाई है।

इसे बनाने के दौरान इस पर बहुत बारीक काम होने से कई बार आंखों की रोशनी भी कम हो जाती है। आमिर ने बताया कि वे नेशनल सिल्क एक्स्पो जो दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, गुड़गांव आदि स्थानों पर लगता है वहां हिस्सा लेते हैं, जहां हाई प्रोफाइल व एनआरआई लोग जो पश्मीना व उसकी कलाकारी को समझते हैं, खरीदते हैं। छोटे शहरों में केवल पश्मीना पर किए गए काम व कला को प्रदर्शित करने व लोगों को बताने के लिए वे इसे यहां लेकर आते है। पश्मीना कश्मीर में पाई जाने वाली एक विशेष बकरी से प्राप्त होता है जिसका धागा इंसानी बाल से छह गुना पतला होता है। पश्मीना इतना महंगा इसलिए होता है क्योंकि इसे तैयार करने के लिए कंघी, कताई, बुनाई, रंगाई व कढ़ाई जैसे कई चरण होते हैं वहीं पश्मीना से बनी शॉल व चादर 40 से 45 साल तक चलती है।